

अबुआ योजना के लाभुकों को स्वास्थ्य बीमा देने की तैयारी



अंबा प्रसाद के समर्थन में उतरे के राजू व केशव महतो

बीमा कंपनी के चयन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया टेंडर

30 दिसंबर तक कंपनियां कर सकेंगी आवेदन

रांची. झारखंड में आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों को समूह स्वास्थ्य बीमा देने की तैयारी शुरू हो गयी है. इसके लिए राज्य सरकार ने बीमा कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी (जेएसएएस) ने बीमा कंपनियों से ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किया है. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से सूचना को निविदा जारी की गयी. चयनित बीमा कंपनी दोनों योजनाओं के लाभुकों को समूह स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करायेगी. इसके लिए इच्छुक कंपनियां 12 नवंबर 2026 से ई- ...

कितना मिलता है स्वास्थ्य बीमा

आयुष्मान भारत ... मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना ... 15 लाख रुपये तक स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रावधान किया है

... बाद दोनों योजनाओं के लाभुकों को समूह नये सिरे से स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. हालांकि, अभी बीमा सुविधा शुरू होने की तारीख और इसकी विस्तृत शर्तें तय होना बाकी है. स्वास्थ्य विभाग के 29 अक्तूबर 2025 के आदेश के अनुसार राज्य में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 के आधार पर 28.05,753 परिवार आच्छादित हैं. इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 33,44,247 परिवारों को जोड़ने का प्रावधान है.

छठ पर्व पर सुरक्षित सफर के लिए एनएचएआइ ने जारी की एडवाइजरी

रांची. छठ के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों और श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने ... और श्रद्धालुओं के लिए सड़क सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है. ... इसकी जानकारी दी.

राज्य खाद्य निगम. एक हजार करोड़ रुपये लोन लेगा जेएसएफसी

15 दिसंबर से 2550 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदेगी सरकार

प्रमुख संवाददाता, रांची

आरबीएलआर आधार पर होगा टेंडर का चयन

- सामान्य धान 2550, ग्रेड-ए धान 2570 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकेगा



40 लाख क्विंटल का लक्ष्य मार्च 2027 तक होगी खरीद

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इस बार राज्य में 40 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है. यह पूरी प्रक्रिया मार्च 2027 तक संचालित की जायेगी. विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इसकी घोषणा कर दी जायेगी. झारखंड राज्य खाद्य निगम को इस पूरी योजना के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है, जो बोनस भुगतान और खरीद नीति के सुचारू क्रियान्वयन की देखरेख करेगी.

किसानों को मिलेगा प्रति क्विंटल ₹109 बोनस

राज्य सरकार इस बार 15 दिसंबर से धान की खरीद शुरू करने जा रही है. इस बार केंद्र सरकार द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अलावा राज्य सरकार किसानों को 109 रुपये प्रति क्विंटल बोनस प्रदान करेगी. पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) में बोनस की राशि 81 रुपये प्रति क्विंटल थी, जिसमें इस बार 28 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है. केंद्र सरकार ने इस वर्ष सामान्य धान का एमएसपी 2441 रुपये और ग्रेड-ए धान का एमएसपी 2461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है. इसमें राज्य सरकार के 109 रुपये के बोनस को जोड़ने पर किसानों को सामान्य धान के लिए 2550 रुपये और ग्रेड-ए धान के लिए 2570 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किया जायेगा.

तीन साल में झारखंड को मिला 15,990 करोड़ रुपये का सेस

विशेष संवाददाता, रांची

- वित्तीय वर्ष 2024-25 से शुरू हुई जेएमबीएल सेस की वसूली
- चालू वित्तीय वर्ष में पांच नवंबर तक 7,122.64 करोड़ की प्राप्ति

झारखंड सरकार को खनिज राजस्व के साथ ... 15989.85 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है. इसमें चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में पांच नवंबर 2026 तक वसूल किये गये 7122.64 करोड़ रुपये भी शामिल हैं. वित्तीय वर्ष 2024-25 से ... सेस की वसूली शुरू हुई. ... को 1379.29 करोड़ रुपये मिले थे. इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेस की वसूली बढ़कर 7467.92 करोड़ रुपये हो गयी. ... चालू वित्तीय वर्ष में पांच नवंबर तक ही 7122.64 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है. ...

10 वर्षों में 89439 करोड़ का राजस्व : विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2026-27 (पांच नवंबर तक) के बीच झारखंड को केवल खनन से कुल 89439.31 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. इसमें शुरुआती नौ वित्तीय वर्षों यानी 2015-16 से 2023-24 तक ... सेस नहीं लगता था. इस अवधि में राज्य को खनिज राजस्व के रूप में कुल 56,357.12 करोड़ रुपये मिले. वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज राजस्व 10407.95 करोड़ रुपये था ... 2024-25 में यह बढ़कर 11864.14 करोड़ रुपये हो गया. वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11356.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आज

रांची. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 96वीं त्रैमासिक बैठक गुरुवार को ... सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के सभी बैंकों द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के तिमाही में की गयी उपलब्धियों की समीक्षा की जायेगी. ...

समिट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे ऋषिकेश

रांची. तेलंगाना सरकार की ओर से 12 से 14 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित ... 100 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं.

रक्षा राज्य मंत्री से मिले वायुसेना प्रमुख आशुतोष



रांची. भारतीय वायुसेना के नवनियुक्त प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने ... रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार भेंट की. ... उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की.

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्न कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। निविदा के लिए हस्तलिखित प्रस्ताव (ऑफर) अनुमेय नहीं है और ऐसे प्राप्त किए जाने वाले कोई भी हस्तलिखित प्रस्ताव (ऑफर) स्वीकार्य नहीं होगा। ई-निविदा सूचना संख्या : ... -17, कार्य का नाम : ... (02 वाहन) और राउरकेला (02 वाहन) ... लाने-ले जाने के लिए चार (04) ... वाहन (टाटा सूमो/बोलेरो/स्कॉर्पियो या समकक्ष) को दो वर्ष के लिए चौबीसों घंटे किराए पर लेना। निविदा मूल्य : रु. 1,25,99,434.24, बयाना राशि : रु. 2,52,000/-, निविदा फॉर्म की लागत : शून्य, ई-निविदा खोलने का स्थान : ... चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। निविदा बंद करने की तिथि और समय : 02.12.2026 को 15.00 बजे। निविदा खोलने की तिथि और समय : 02.12.2026 को 15.30 बजे। निविदाकर्ता http://www.ireps.gov.in इस वेबसाइट में देख सकते हैं। ... (PR-1002)

मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनी

रांची. कांग्रेस भवन में बुधवार को भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी व भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनायी गयी. इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देश निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अख्तर अली ने मौलाना आजाद को आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली का जनक बताते हुए कहा कि उन्होंने देश में शिक्षा की मजबूत नींव रखी.

भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कमेटी की घोषणा

रांची. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ... के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ... ने किसान मोर्चा के नये प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है. ...

प्रोफेशनल्स की भागीदारी से बनेगा मजबूत झारखंड

- विज़न 2029 - प्रोफेशनल्स फॉर इकोनॉमिक ट्रांसफॉर्मेशन के संवाद कार्यक्रम में प्रोफेशनल्स कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले

रांची. ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआइपीसी) झारखंड की ओर से ...

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ARMB रांची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला - रांची, झारखंड - 834001 | फोन: 9431427385, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना.

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ ... जिसका कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है, ... जिसका रचनात्मक / भौतिक / सांकेतिक जो भी लागू हो ... ''जहाँ है'', ''जैसा भी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर ... मूल्य और अग्रिम जमा राशि संबंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये सूची में उल्लिखित है.

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्ता / जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक / स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण [बंधककर्ता की सम्पत्ति (यों)]	A) 13(2) सरफेसी अधिनियम के तहत मांग सूचना की तिथि B) मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि C) कब्जा की तिथि 13(4) सरफेसी अधिनियम 2002 के अनुसार D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक / भौतिक / रचनात्मक	A) आरक्षित मूल्य B) ईएमडी राशि C) बोली वृद्धि राशि D) Baanknet सम्पत्ति आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
1.	शाखा कार्यालय: PNB गोलमुरी शाखा (304600) मेसर्स रौनक इंटरप्राईजेज; मेसर्स रौनक इंटरप्राईजेज संचालक: देवव्रत प्रसाद, मकान संख्या 1, न्यू टाटा लाईन, गोलमुरी, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831003; श्री देवव्रत प्रसाद पुत्र ... प्रसाद 50, न्यू टाटा लाईन, देवन बगान, गोलमुरी, ... जमशेदपुर, गोलमुरी, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831003; श्रीमती मंजुला देवी पत्नी देवव्रत प्रसाद, होल्डिंग संख्या 50, न्यू टाटा लाइन, देवन बगान, जमशेदपुर, गोलमुरी, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831003	सम्पत्ति संख्या 1: रैयती जमीन जिसका सभी अंश एवं भाग जो 1.37.629 एकड़ है जिसका प्लॉट संख्या 259, 258, 260, 263, 264, 265 एवं 266 का भाग है जो मौजा - गोपाडीह, थाना - घाटशिला, सर्वे थाना संख्या 460, हल्का संख्या VI, जिला - पूर्वी सिंहभूम में स्थित है ... ; सम्पत्ति संख्या 2: रैयती जमीन जिसका सभी अंश एवं भाग जो 70 ... [illegible]	A) 19.05.2025 B) Rs. 83,55,950.04 + अतिरिक्त ब्याज C) 12.08.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 2,07,23,000.00 B) Rs. 20,72,300.00 C) Rs. 1,00,000.00 D) PUNBRCS5787236	25.11.2026 सुबह 11.00 AM से 04.00 PM

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें: ... [illegible]

दिनांक: 06.11.2026, स्थान: जमशेदपुर — ह/- प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूति धारक

तबादला. वन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 39 अधिकारियों की नयी पदस्थापना

बाजपेयी बने एपीसीसीएफ अनुसंधान, राहुल रांची के डीएफओ

वरीय संवाददाता, रांची

झारखंड सरकार ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है. विभाग ने ... 39 अधिकारियों का पदस्थापन ... [illegible]

वन विकास निगम में एक ही पद पर दो अधिकारियों को प्रभार, रांची डीएफओ वेटिंग में गये

वन विभाग के नये तबादले में पूर्व से पदस्थापित पदों पर भी कई नये पदाधिकारियों को प्रभार दे दिया गया है. वन विकास निगम के बोर्ड ने वर्ष 2025 में हुई 50वीं बैठक में जमशेदपुर, रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, डालटनगंज और ... प्रमंडलों में नियमित प्रमंडलीय प्रबंधक (डीएफओ) का प्रभार दिया गया था. ... [illegible]

पीआर नायडू और अन्य अधिकारियों को प्रोन्नति : पीआर नायडू को मुख्य वन संरक्षक के वेतनमान में प्रोन्नति देते हुए ... मुख्य वन संरक्षक, रांची बनाया गया है. ... [illegible]

कई जिलों के डीएफओ बदले गये

अविरूप सिन्हा को लातेहार, आदित्य नारायण को उप वन संरक्षक प्रशिक्षण, रांची और ... कुमार को दुमका वन प्रमंडल की जिम्मेदारी दी गयी है. ... राहुल कुमार को ... वन प्रमंडल और ... को गुमला वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. अहमद बेलाल अनवर को चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल व राहुल मीणा को रांची वन प्रमंडल तथा जेबिन बेनी अब्राहम को पोड़ाहाट वन प्रमंडल की जिम्मेदारी दी गयी है. नितीश कुमार को रामगढ़ वन प्रमंडल, पुष्कर काले को चाईबासा वन प्रमंडल, अनुराधा मिश्रा को लोहरदगा और मोहित कुमार बंसल को जामताड़ा वन प्रमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. नवनीत बीआर को गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमंडल तथा श्रीराम सुमन को धनबाद वन प्रमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है.